प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन के शीर्ष पर राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया

...

कांस्य से बने राष्ट्रीय प्रतीक की ऊंचाई 21 फीट है और वजन 9500 किलोग्राम है।

...

नए संसद भवन में 62 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है

नई दिल्ली, 11 जुलाई, 2022: प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार, 11 जुलाई, 2022 को नए संसद भवन के शीर्ष पर राष्ट्रीय प्रतीक का अनावरण किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला उपस्थित थे । संसदीय कार्य और कोयला और खान मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी; आवास और शहरी मामलों और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी; राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

कांस्य से बने राष्ट्रीय प्रतीक की ऊंचाई 21 फीट है और वजन 9500 किलोग्राम है।

नए संसद भवन का निर्माण कार्य तय समय के अनुसार चल रहा है और सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है । अब तक 62 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और 30 अक्टूबर, 2022 तक संपूर्ण काम पूरा होने और दोनों सदनों को सौंपे जाने की संभावना है। संसद के शीतकालीन सत्र, 2022 के नए संसद भवन में होने की संभावना है।